# सेंट एंड्र्यूज स्कॉट्स स्कूल

**एडजेसेंट नवनीतिअपार्टमेंट ,आई.पी.एक्सटेंशन,**

**पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२५-२६**

| **कक्षा:-6** | **विषय: हिंदी कहानी संचय** | **पाठ:2** |
|---|---|---|

**(कहानी संचय )**

**पाठ-2 (काकी)**

**प्रश्न 1.निम्नलिखित वाक्यों में सही के सामने सही और गलत के सामने गलत लिखिए ।**

1. श्यामू प्राय :अकेला बैठा -बैठा शून्य मन से आकाश की ओर ताका करता था ।( **सही** )
2. वह काकी के अंतिम संस्कार में गया और खूब रोया । ( **गलत** )
3. श्यामू ने पिता की जेब से दो रुपया निकाला । ( **गलत** )
4. श्यामू अपनी काकी को वापस लाना चाहता था ।( **सही** )
5. विश्वेश्वर हक्का-बक्का होकर वहीं खड़ा रह गए ।( **सही** )

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. कौन - सी बात श्यामू से छिपी ना रह सकी?

उत्तर : श्यामू से यह बात छिपी न रही सकी कि मेरी माँ मामा के यहाँ नहीं बल्कि ऊपर भगवान के पास चली गई है।

प्रश्न 2. श्यामू ने पतंग के लिए पैसे कहाँ से लिए?

उत्तर : श्यामू ने पतंग के लिए पैसे अपने पिता के कोट की जेब से लिए ।

प्रश्न 3. श्यामू ने पतंग किस से मँगाई?

उत्तर : श्यामू ने पतंग भोला कि जीजी से मँगाई l

प्रश्न 4. श्यामू पतंग कहाँ भेजना चाहता था?

उत्तर: श्यामू पतंग ऊपर आसमान में भगवान जी के पास भेजना चाहता था ताकि उस पतंग को पढ़कर काकी नीचे आ सके l

प्रश्न 5. श्यामू के घर में कोहराम क्यों मचा हुआ था ?

उत्तर : श्यामू के घर में कोहराम इसलिए मचा हुआ था क्योंकि श्यामू की माँ का निधन हो गया था l

प्रश्न 6. उड़ती हुई पतंग को देखकर उसके मन में क्या विचार आया?

उत्तर: उड़ती हुई पतंग देख कर उसके मन में यह विचार आया क पतंग के माध्यम से अपनी माँ के पास संदेश भेज सकता है और पतंग की डोर पड़कर वह नीचे आ जाएगी l

प्रश्न 7. श्यामू किस बात से गंभीर हो गया?

उत्तर: भोला ने बताया कि डोरी पतली होने के कारण वह टूट सकती है मोटी रस्सी हो तो सब ठीक है l